कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 15/05/2025**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 14.05.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना जंगीपुर व पीआरवी पुलिस टीम द्वारा 04 वर्षीय बालिका को बरामद कर सकुशल परिजन को किया गया सुपुर्द।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 14.05.2025 को थाना जंगीपुर क्षेत्रांतर्गत एक 04 वर्षीय बालिका आकृति यादव पुत्री अखिलेश यादव निवासी आराजी ओडासन थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र करीब 04 वर्ष जो कस्बा जंगीपुर में लावारिश हालत में पायी गयी थी , पीआरवी 3150 द्वारा उक्त गुमशुदा बच्ची को थाना स्थानीय पर सुपुर्द किया गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त बच्ची के परिवार वालो को खोजकर उसकी माता रेखा यादव पत्नी अखिलेश यादव निवासी ओडासन थाना बिरनो जनपद गाजीपुर को सकुशल सुपुर्द किया गया। बालिका को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा कर धन्यावद दिया गया।

02. थाना सैदपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद अवैध जिंदा कारतूस .315 बोर व 01 अदद मोटरसाईकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.05.2025 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार उपाध्याय मय हमराह द्वारा चेंकिंग को दौरान जोगीबीर बाबा मंदिर तिराहे के पास से अभियुक्त विशाल राजभर पुत्र जयनाथ राजभर निवासी औडिहार पकवाईनार थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष को 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद अवैध जिंदा कारतूस .315 बोर , एक अदद मोबाइल Redmi 5G व मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर UP 65 DP 6289 के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 141/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1 .विशाल राजभर पुत्र जयनाथ राजभर निवासी औडिहार पकवाईनार थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष

बरामदगीः -

01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद अवैध जिंदा कारतूस .315 बोर , एक अदद मोबाइल Redmi 5G, मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर UP 65 DP 6289

अपराधिक इतिहासः-

1 .मु0अ0सं0 141/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैदपुर गाजीपुर

<u>03. थाना बरेसर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 94/2025 धारा 105, 191(3), 115(2), 352 बी0एन0एस0 सें संबंन्धित 05 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत *आज दिनांक 14.05.2025 को उ0नि0 ओम प्रकाश यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र मे मामूर थे कि मुखबिर खास की सुचना पर मु0अ0सं0 94/2025 धारा 105, 191(3), 115(2), 352 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित थाना बरेसर जनपद गाजीपुर से 05 नफर अभियुक्तगण 1. तुलसी राजभर पुत्र स्व0 मिश्री राजभर उम्र करीब 48 वर्ष, 2. महादेव राजभर पुत्र स्व0 मिश्री राजभर उम्र करीब 45 वर्ष, 3.आशीष राजभर पुत्र तुलसी राजभर उम्र करीब 18 वर्ष नि0गण ग्राम मनीरपुर थाना बरेसर जनपद गाजीपुर*, 4.* शिवशंकर राजभर पुत्र मुन्ना राजभर उम्र करीब 18 वर्ष, 5. धर्मेन्द्र राजभर पुत्र मुन्ना राजभर उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम रजौली थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर को शंभु राजभर का बगीचा से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता -

01. तुलसी राजभर पुत्र स्व0 मिश्री राजभर नि0 ग्राम मनीपुर थाना बरेसर गाजीपुर।

02. महादेव राजभर पुत्र स्व0 मिश्री राजभर नि0 ग्राम मनीपुर थाना बरेसर गाजीपुर।

03.* आशीष राजभर पुत्र तुलसी राजभर नि0 ग्राम मनीपुर थाना बरेसर गाजीपुर।

04. शिवशंकर राजभर पुत्र मुन्ना राजभर नि0 ग्राम रजौली थाना करीमुद्दीनपुर गाजीपुर।

05. धर्मेन्द्र राजभर पुत्र मुन्ना राजभर नि0 ग्राम रजौली थाना करीमुद्दीनपुर गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर